हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



# नए पदाधिकारियों को मिलेगा कार्यकारिणी में मौका, दौरे के बाद बनेगी सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

अहमदाबाद राष्ट्रीय शिविर से लौटकर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने नई कार्यकारिणी गठन के पूर्व ब्लाकवार दौरा शुरु कर दिया है। ब्लाक की बैठकों में जिला बाडी के लिए योग्य नेताओं की तलाश की जा रही है। ब्लाक की बैठक निपटने के बाद ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कुछ ब्लाक अध्यक्षों के बदलने जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

हाल ही में अहमदाबाद गुजरात में कांग्रेस का राष्ट्रीय चिंतन शिविर किया गया था। इस शिविर में दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर शामिल होकर लौटे हैं। शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के तमाम दिग्गजों ने पार्टी की संगठनात्मक स्थिति व विभिन्न मुद्दों पर कार्यकर्ताओं को टिप्स दिया। राष्ट्रीय शिविर में पार्टी का संदेश लेकर लौटे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने धमधा, अहिवारा और जामुल ब्लाक का दौरा कर स्थानीय कमेटियों की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात की। अभी 6 ब्लाक का दौरा नए जिला अध्यक्ष और करेंगे। ब्लाक कांग्रेस की बैठक और नेताओं से मेल मुलाकात का मकसद पार्टी नेतृत्व की मंशा के अनुरुप पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाकर जनता से जुड़े मुद्दों की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ना है। इस दौरे के दौरान नए जिला अध्यक्ष अपनी नई कार्यकारिणी को लेकर भी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठजनों से रायशुमारी कर रहे हैं।

## जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के लिए जारी है मंथन

### पदनाम की नहीं होगी कार्यकारिणी

संगठन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आला नेतृत्व की मंशा है कि, पार्टी संगठन में पदनाम के लिए लोग कार्यकारिणी में शामिल होने जुगाड़ लगा लेते हैं लेकिन पार्टी संगठन का काम, पार्टी की नीति और जनहित के मुद्दों से ऐसे पदनाम वाले लोगों का कोई लेना देना नहीं होता है। इसीलिए नई कार्यकारिणी में उन्हीं लोगों को स्थान दिया जाएगा जिनको पार्टी की रीति-नीति और जनहित के मुद्दों से जिनका सरोकार हो। नई कार्यकारिणी में पद के साथ कार्यों की जिम्मेदारी भी दी जाएगी। जिला पदाधिकारियों के पास ब्लाकवार प्रभार भी होंगे। जिला पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा समय-समय पर आलाकमान करेगा।



### 9 ब्लाक के दौरे के बाद कार्यकारिणी घोषित

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के कार्यक्षेत्र में 9 ब्लाक कांग्रेस कमेटी आती है। नया दायित्व मिलने के बाद राकेश ने दौरा शुरु कर दिया है। धमधा, अहिवारा और जामुल ब्लाक का दौरा पूरा हो गया है। जबकि 6 ब्लाक में अभी दौरा प्रस्तावित है। सभी ब्लाकों का दौरा पूर्ण होने और कार्यकर्ताओं से मेल-मुलाकात के बाद ही नई कार्यकारिणी का स्वरुप सामने आएगा।

### कार्यकर्ताओं को मिलेगा अवसर

कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी मुझ पर दी है। अहमदाबाद राष्ट्रीय चिंतन शिविर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और शीर्ष नेतृत्व ने जैसी मंशा व्यक्त की है उसके अनुसार जिम्मेदार, सक्रिय और मुद्दों से सरोकार रखने वाले कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया जाएगा।
**-राकेश ठाकुर**, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण)

## खबर संक्षेप



### बीएसपी ने मनाई बाबा आंबेडकर की जयंती

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वी जयंती व बहुजन समाज पार्टी की 41वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन सतनाम भवन ग्राम खोपली में किया गया I इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन दर्शन को बताया गया तथा उनके उनके अधूरे कारवां को बीएसपी के माध्यम से पूर्ण करने का संकल्प लेकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचने का संकल्प लिया गया I इस अवसर पर जिले के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### संजय नेता प्रतिपक्ष, विजेन्द्र बने उप नेता प्रतिपक्ष

**दुर्ग।** अभा कांग्रेस के महासचिव व छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट ने ननि में नेता प्रतिपक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष की सूची जारी की है। जिसमें दुर्ग ननि में पूर्व विधायक अरूण वोरा के समर्थक रहे पूर्व जल विभाग के प्रभारी संजय कोहिले को नेता प्रतिपक्ष और पार्षद विजेन्द्र पटेल को उप नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी हैं। विगत 16 अप्रैल को नियुक्ति पत्र जारी की गई है।

### कार्यालय का आबंटन नहीं

**दुर्ग।** ननि में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष को कार्यालय का आबंटन ही नहीं किया है। सभी एमआईसी को कार्यालय का बकायदा आबंटन कर दिया गया है। जिसे लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने ने आयुक्त सुमीत अग्रवाल को पत्र लिखा है।

### प्लेसमेंट कैम्प 25 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 25 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिमा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई एवं रिलाईस निपोन लाईफ इंश्युरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा अधिसूचित कुल 103 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। महिमा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई द्वारा डॉक्टर, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, आईसीयू इंचार्ज, एक्स-रे सहित मेडिकल स्टोर हेतु 88 पदों पर साक्षात्कार लिया जाएगा।

### पीएम आवास प्लस योजना के सर्वे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ललित चंद्राकर

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि अब कोई भी पात्र हितग्राही पक्का आवास पाने से वंचित नहीं रहे। इसके लिए अधिकारी कर्मचारी डोर टू डोर सर्वे करें और हितग्राहियों के घर तक पहुंचकर योजना का लाभ दिलाएं। अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। योजना का लाभ हर गरीब को मिलना चाहिए इस बात का विशेष ध्यान रखें। कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द सर्वे कार्य करें। चंद्राकर ने कहा प्रदेश में आवास प्लस टू सर्वे अभियान शुरू हो गया है। इसके साथ गांव-गांव में टीम के लोग पहुंचेंगे और पक्का आवास के लिए पात्र हितग्राहियों को चयन होना शुरू हो गया है। इससे जो छूटे हुए वंचित लोग हैं, उनका नाम भी सर्वे सूची में जुड़ जाएगा।

## प्रदर्शन : कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर की नारेबाजी, पुलिस को दिखाया वीडियो

# राजीव भवन में तोड़फोड़ से बिफरे कांग्रेसी, पुलिस के साथ जमकर बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी का पुतला दहन किए जाने के बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस भवन में घुसकर तोडफोड किया। जिससे आक्रोशित कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट तक रैली निकाली और दो दर्जन से अधिक उपद्रवियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। कांग्रेसियों को कलेक्टोरेट परिसर के बाहर पुलिस ने रोक दिया। जहां पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर बहस भी हुई।

नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस भवन के सामने पुतला दहन किया। कांग्रेस का आरोप है कि, भाजपाई भवन में घुसकर तोडफोड करने लगे। उस दौरान भवन में कुछ ही कांग्रेसी थे। हांलाकि इसकी जानकारी मिलने के बाद कांग्रेसी नेताओं में बेहद आक्रोश है। उन्होने इस मामले में तोडफोड करने वाले उपद्रवियों पर तत्काल अपराध दर्ज करने की मांग की हैं। कलेक्टोरेट परिसर के सामने कांग्रेसी पुलिस से भिड गए थे। जहां पुलिस पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने का दबाव भी बनाया। कांग्रेसियों ने अंजोरा चौकी में आरक्षको की पिटाई और वर्दी फोडने के मामले में भी कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को घेरा। प्रदर्शन के बीच कलेक्टोरेट में पुलिस बल बस के जरिए भी पहुंच गई थी। हांलाकि आधे घंटे बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। कांग्रेसियों ने इस मामले में एसपी को लिखित ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और आरएन वर्मा, अलताफ अहमद, रत्ना नारमदेव, अजय मिश्रा व एनएसयूआई के नेता भी शामिल रहे।

### कहा- चार थाने के टीआई और सीएसपी के सामने कैसे घुसे भाजपा



### पुलिस ने कहा बहस न करें, कांग्रेस ने कहा दबाव में हो क्या

कलेक्टोरेट के सामने पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। कांग्रेसियों ने कहा पुतला दहन के दौरान चार थाने के टीआई और सीएसपी मौजूद थे। इसके बाद भी भाजपा नेता बेरीकेट्स तोडकर भवन में कैसे घुस गए। उन्होने कहा अगर एफआईआर नही होगा तो जवानों को निलंबित करने की मांग करेगें। इस पर एएसपी सुखनंदन राठौर ने कहा बहस न करे, जांच के बाद जो भी तथ्य होगें। उसके आधार पर कार्यवाही होगी। लेकिन कांग्रेस पहले अपराध दर्ज करने की बात कही। उन्होने सवाल उठाया क्या पुलिस दबाव में हैं।

### कांग्रेसियों ने पुलिस पर लगाया पक्षपात का आरोप

कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, किसी के घर में घुसकर उपद्रव किया जाए तो क्या एफआईआर दर्ज नही होगी, कहा कांग्रेस भवन हमारे लिए मंदिर है। शहर अध्यक्ष गया पटेल ने कहा गेट से कूदकर नेता भवन के अंदर घुए गए थे। महामंत्री राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कांग्रेसी नेता अगर ऐसा करते तो तत्काल कार्यवाही हो जाती। उन्होने कहा नैतिकता के नाते मामले में तत्काल एफआईआर होनी चाहिए। सौरभ ताम्रकार ने कहा, भाजपा नेता भवन के अंदर घुसकर उपद्रव कर रहे थे। जिसका पुलिस को वीडियों सौंपा गया हैं। कांग्रेसियों ने कहा भाजपा जब पुतला दहन कर रही थी तो क्यो नही रोका गया। उन्होने पुलिस पर पक्षपात करने का भी आरोप लगाया।

### लोकतंत्र पर हमला

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में घुसकर न सिर्फ तोड़फोड़ की, बल्कि राजीव भवन का नामपट्ट तक मिटा दिया। ये हरकत सिर्फ ईंट-पत्थर पर हमला नहीं, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। **-अरूण वोरा,** पूर्व विधायक दुर्ग

### युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन



नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा कोर्ट में चार्जशीट सीट दाखिल किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश युवा मोर्चा के निर्देशानुसार दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा के द्वारा दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में एकत्रीकरण होकर रैली के रूप में कांग्रेस भवन के पास कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का झूमा झटकी भी हुई। शनिचरी बाजार के सामने पुतला दहन के बाद भाजपाई बेरीकेट्स लांघकर कांग्रेस भवन में भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक सांवला राम डहरे, सभापति श्याम शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव अमित मिश्रा, मनोज शर्मा, सानिध्य चंद्राकर उपस्थित रहे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव ने कहा पूरी कांग्रेस पार्टी शुरू से करप्ट रही है और इनका आचरण समय-समय पर आम जनमानस के बीच में आता भी रहा है। युवा मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा नेशनल हेराल्ड की 2000 करोड़ की संपत्ति हासिल करने की कोशिश की एक लंबी प्रक्रिया के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने चार्जशीट दाखिल किया है। प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार आज हमने यह पुतला दहन वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में किया।

## आधा दर्जन टंकियां नहीं भरी, परेशान रहे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर नाका स्थित 42एमएलडी में रखरखाव कार्य के चलते शुक्रवार को भी सुबह पेयजल की आपूर्ति ठप रही। जिसके कारण वार्डवासियों को सुबह का पानी नही मिल पाया। निगम प्रशासन का दावा है कि, शुक्रवार को देर शाम पेयजल आपूर्ति सामान्य हो गई।

- गर्मी की शुरुआत में ही पानी को लेकर हाहाकार

पाइपलाइन में आय दिन लिकेज के कारण अपडाउन लिया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को 42एलएलडी में मेटेनेन्स कार्य कराने के चलते पेयजल सप्लाई शुक्रवार को बाधित रहा। जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि, गुरूवार को देर रात इंटकवेल में सब स्टेशन का डीओ उड गया था। जिसे सुबह सुधारा किया गया। इसी कारण सप्लाई बाधित रही, हांलाकि देर शाम सप्लाई शुरू कर दिया गया। इसके पहले मेटेनेन्स कार्य गुरूवार को भी किया गया। ऐसे में दावा किया गया था कि, शुक्रवार को सप्लाई सामान्य हो जाएगी। लेकिन सुबह नल नही खुलने से वार्डवासी परेशान रहे। मेटेनेन्स के कारण गुरूवार को पांच बिल्डिंग सिविल लाईन, बोरसी- वार्ड नं. 49 (बोरसी पश्चिम), वार्ड नं. 50 (बोरसी पूर्व), वार्ड नं. 51 (बोरसी उत्तर), वार्ड नं. 52 (बोरसी दक्षिण) के आंशिक व वार्ड नं. 46 (पद्मनाभपुर पूर्व) के आंशिक,पोटिया टंकि वार्ड नं. 52 बोरसी दक्षिण, वार्ड नं. 53 पोटियाकला उत्तर, वार्ड नं. 54 पोटियाकला दक्षिण,बघेरा- वार्ड नं. 1 नयापारा, वार्ड नं. 2 राजीव नगर, वार्ड नं. 03 मठपारा दक्षिण, वार्ड नं. 04 मठपारा उत्तर रामनगर, बघेरा, बटालियन,सिकोला उरला- वार्ड नं. 14 सिकोला भाटा, वार्ड नं. 15 सिकोला बरती दक्षिण, वार्ड नं. 16 सिकोला बस्ती उत्तर, वार्ड नं. 57 उरला पश्चिम, वार्ड नं. 58 उरला पूर्व,कातुलबोर्डः- वार्ड नं. 21 तितुरडीह आंशिक आदि प्रभावित रहे।

### कांग्रेस की निगम प्रशासन को चेतावनी

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने व उप नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र पटेल का कहना है कि, अप्रैल माह में अभी गर्मी की शुरुआत ही हुई है और शहर में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। समस्या मूलक वार्डों में तो लोग अभी से बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और नगर निगम प्रशासन को बगैर पानी पीए कोस रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े से शहर में पेयजल वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। बगैर किसी पूर्व सूचना के पेयजल आपूर्ति ठप कर दी जाती है। कभी शिवनाथ नदी के इंटकवेल में तो कभी फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी आ जाती है। नतीजतन पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है।सामाधान नहीं होने पर नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन पर बाध्य होगी।



### विद्यार्थियों ने किया स्नेह संपदा विद्यालय का भ्रमण

**भिलाई।** शिक्षा संकाय के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अनुभवजन्य शिक्षा प्राप्त किया। जिसमें उन्होंने स्नेहा संपदा विद्यालय सेक्टर 8 में रहने वाले विशिष्ट बालकों और वरिष्ठजन के जीवन को पास से अनुभव किया। विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा रविंद्र शिर्के, एस आशा, राजेश्वरी गुप्ता, राधा साहू, गायत्री ठाकुर ने बीएड प्रशिक्षु को यहां रहने वाले बच्चों की विशेषताएं व रहन-सहन के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक बाधाओं के बावजूद यह सभी बच्चे आत्मनिर्भर हैं व अपना काम स्वयं करते हैं और इन सभी में एक विशिष्ट योग्यता है। यहां के बच्चों की आंखों में जीवन के प्रति उत्साह झलक रहा था, जिससे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। यह भ्रमण शिक्षा संकाय के सभी विद्यार्थियों के लिए बहुत ही प्रेरणादायी और उपयोगी सिद्ध हुआ। सहायक प्राध्यापक निशद खान व रमिता यादव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# जुनवानी चौक पर आपराधिक तत्वों ने किया हुड़दंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत जुनवानी चौक, चाय लाइन सहित आसपास के एरिए में बीती रात शरारती तत्वों ने जमकर हुड़दंग हुआ। मामले में दो पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लात-घूसे बरसाए। बेस बॉल बैट, हॉकी, डंडे से एक दूसरे पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल में जांच जारी है। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस ने मिहिर जायसवाल की शिकायत पर रोहन सिंह और रोहन सिंह की शिकायत पर मिहिर जायसवाल के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस मामले में किसी अमित सिंह का नाम भी सामने आया है, लेकिन अब तक उसे आरोपी नहीं बनाया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आपसी रंजिश के कारण यह पूरी घटना हुई। रोहन सिंह और अमित सिंह नामक युवक का पुराना झगड़ा था। दोनों इसी बात को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। इस बीच बचाव के लिए मिहिर पहुंच गया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। मिहिर जायसवाल से रोहन का विवाद शुरू हो गया। अमित और उसके साथ मौजूद कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अमित के साथ आयुष, अंश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। घटना रात करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुई। मिहिर और उसके बड़े भाई जितेंद्र ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में सही नहीं किया।



उल्टा मिहिर को फंसाने का प्रयास किया, रात में उससे भी कथित रूप से मारपीट की गई। इसके चोट के निशान अब भी हैं। जितेंद्र ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं रोहन सिंह का कहना है कि अमित पुराना निगरानीशुदा है। उसका नाम अमित जोशी गोलीकांड में भी सामने आया था, लेकिन अब भी वह फरार है। खबर है कि मामला महादेव सट्टा से जुड़ा है, पैसों को लेकर ही दोनों पक्षों में विवाद था। बहरहाल पुलिस ने ऐसी किसी भी बात से इंकार किया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। दोनों पक्ष के लोग भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बताए गए हैं।

- आपसी रंजिश के चलते जमकर चले लात-घूसे, शिकायत के बाद स्मृतिनगर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज, महादेव सट्टा के पैसे को लेकर विवाद की आशंका

# ग्रीष्मकालीन छुट्टी पर रोक से गुरूजी नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुशासन अभियान संचालित होने के कारण शिक्षको के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हर साल 1 मई से 16 जून तक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाता है। लेकिन इस पर रोक लगाने से गुरूजी नाराज हो गए है।

शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा लेकिन हर साल किसी न किसी कार्यक्रम का हवाला देते हुए शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश पर स्थानीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा रोक लगा दिया जाता है। जिससे शिक्षक संवर्ग ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं ले पाते हैं। ऐसा शिक्षकों के साथ बार-बार हो रहा है। पिछले वर्ष भी लोकसभा निर्वाचन के चलते शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं मिल पाया था। इस बार भी छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार मनाने के नाम पर स्थानीय स्तर पर 31 मई तक अधिकारियों और कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



जबकि 1 मई से 15 जून तक शिक्षकों को पहले ही छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रदान किया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मुख्यालय नहीं छोड़ने के स्थानीय आदेश से शिक्षकों में भारी निराशा और नाराजगी होने लगी है। छग टीचर्स एसो. के दुर्ग जिला इकाई ने प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन तथा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न साहू और उपाध्यक्ष कमल वैष्णव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की।

# गांव में भी कचरे के बदले वसूला जाएगा चार्ज

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन के विभिन्न बिंदुओं पर एजेण्डावार चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में सेग्रीगेशन वर्कशेड, कम्पोस्ट एवं सोकपिट निर्माण, असफल हैंडपंपों में रिचार्ज पिट, जल शुद्धिकरण इकाइयां, प्लास्टिक एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट, गोबरधन योजना, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय, तथा मॉडल ग्राम पंचायत विकास से संबंधित प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में कचरा एकत्र नहीं हो रहा है, वहां स्वच्छता यूजर चार्ज वसूला जाए। साथ ही वर्कशेड्स में सूखा एवं गीला कचरा पृथक करना अनिवार्य किया जाए, जिससे खाद, ईंधन एवं अन्य सामग्री तैयार की जा सके। जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग दुबे ने जानकारी दी।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

भाजपा सरकार बनी है तब से प्रदेश में अराजकता का माहौलः आशीष 14



नए पदाधिकारियों को मिलेगा कार्यकारिणी... 12





## खबर संक्षेप

### बेसबॉल में दीक्षा पाण्डेय का नेशनल के लिए हुआ चयन

**बेमेतरा।** नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवलाल राठी स्कूल में अध्यनरत कक्षा 10 की छात्रा कु. दीक्षा पाण्डेय का चयन देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 22 से 27 अप्रैल तक आयोजित होने वाले यू -17 वर्ष बालिका वर्ग समूह बेसबॉल में चयन हुआ है। कु दीक्षा पाण्डेय बेसबॉल सीखने ज़ेवरा स्कूल पीटीआई मृत्युंजय शर्मा के सानिध्य में रोज ज़ेवरा स्कूल जा कर सीखा व राष्ट्रीय स्तर खेल तक सफर किया। कु. दीक्षा पाण्डेय के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज बख्शी, डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, पीटीआई मृत्युंजय शर्मा, सोमप्रभ श्रीवास, वंदना लाऊत्रे, विजय पाण्डेय, राठी स्कूल की प्राचार्य सुदेशा चटर्जी व शाला परिवार ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी।



### बेटे की बारात निकलनी थी इधर पिता की हो गई हत्या

**कुम्हारी।** बेटे की बारात लेकर जाने की तैयारी में परिवार जुटा रहा। लेकिन एक दिन पहले पिता की धारदार हथियार से हत्या कर शव को फेक किया गया था। परिजनों को सूचना मिलने पर वृद्ध को अस्पताल लेकर जाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रामपुर चोरहा गांव निवासी भागवत मारकंडे 55 वर्ष को गुरुवार आधी रात को चाकू व डंडा मारकर हत्या कर शव फेंक दिया गया था। उसकी लाश घर के बाहर लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। कुम्हारी पुलिस मृतक के चारों बेटों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इस मामले में संदेहियों से सवाल-जवाब किए है। मिली जानकारी के मुताबिक भागवत मारकंडे के चार में से दूसरे नंबर के बेटे का विवाह 19 अप्रैल को था। पूरा परिवार इस शादी को लेकर खुश और उत्साहित था। लेकिन बीते रात 11.30 बजे भागवत मारकंडे घर के बाहर बुरी तरीके से जख्मी हालत में पड़ा मिला।

### चालीस लाख रुपए के चार इनामी नक्सली गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत पल्ली जंगल क्षेत्र में संदिग्ध घूमते चार नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पकड़े गए चारों नक्सलियों के लिए महाराष्ट्र सरकार ने कुल 40 लाख रुपए के ईनाम की घोषणा की थी। गढ़चिरौली पुलिस सूत्रों के अनुसार 19 अप्रैल को भामरागड़ सब डिवीजन के अंतर्गत पोस्ट तडगांव से एक पुलिस टीम और 9 बटालियन सीआरपीएफ की एफ कंपनी के जवान संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान चला रहे थे। उन्हें पल्ली जंगल क्षेत्र में चार संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुए मिले, जिन्हें टीम के जवानों ने हिरासत में ले लिया।

### भूरे नांदगांव और चंद्रवाल बने केसीजी कलेक्टर

**राजनांदगांव।** राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार की देर शाम एक आदेश जारी कर राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल को बिलासपुर का नया कलेक्टर नियुक्त किया है। उनके स्थान पर आईएएस भूरे सर्वेश्वर नरेन्द्र को राजनांदगांव का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं खैरागढ़ के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं में पदस्थ करते उनके स्थान पर आईएएस इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को पदस्थ किया गया है।

# एक माह की हड़ताल के बाद कल काम पर लौटेंगे पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीते 17 मार्च से शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने प्रदेश सरकार से आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने के लिए पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया था। वहीं इस बीच प्रदेश सरकार से बातचीत का दौर भी जारी था। पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री से अपनी मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा की। जिसमें पंचायत सचिवों की मांगों पर सहमति बनी और प्रदेशभर में पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है। सचिवों के हड़ताल के चलते पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को गांव के विकास कार्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। वहीं पंचायत का कामकाज ठप हो गया था। अब हड़ताल समाप्त होने के बाद पंचायत के कामों में तेजी आने की उम्मीद है।

**रूके कार्यों को पूरा करने का दायित्वः** पंचायत सचिवों के हड़ताल से लौटने के बाद उन्हें सुशासन तिहार, जीपीडीपी का निर्माण, आवास सर्वे का कार्य, ग्राम पंचायत की बैठक, ग्रामसभा की बैठक, 31 मार्च की स्थिति में रोकड़ बही को बंद का प्रिया सॉफ्ट में एंट्री कराना, ग्राम पंचायत पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं अन्य कार्यों को समय पर पूरा करने का दायित्व सौंपा जाएगा।

## मांग पर बनी सहमति, अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त




### मांग पर आश्वासन

सचिवों ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और इसके बाद शासकीयकरण किया जाएगा। शासकीयकरण करने से पहले पूर्व में जारी आदेश में निर्देशित चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी। वर्तमान में 15 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर हो रहे वेतन सत्यापन विसंगति का सुधार किया जाएगा। आंदोलन अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान किए जाने को लेकर सहमति बनी है।


## मौसम : दूसरे दिन भी तेज हवा चली, हुई बारिश

# तूफान से टूटी बिजली के तार से लगा करंट, युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शुक्रवार की तरह शनिवार शाम अचानक मौसम ने फिर से रुख बदला और बेमेतरा मुख्यालय सहित अंचल में तेज आंधी-के साथ बादल की डरावनी गर्जन के साथ सीमित समय तक बारिश हुई।

शुक्रवार तेज आंधी तूफान से कई स्थानों पर जहां पेड़ धराशाई हो गए ओर बिजली के तार टूटकर जमीन पर गिर गए और कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वही अचानक मौसम की करवट बदलने से जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कंतेली स्थित दुकान में बैठे रवि निषाद पिता रोहित निषाद 28 वर्षीय युवक पर बिजली का तार टूटकर गिर गया, तार में बिजली सप्लाई चालू थी युवक रवि की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दो दिनों के इस तेज़ तूफान और हल्की बारिश ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अफरा-तफरी जहां मचा दी। जिले के अन्य ग्रामीण इलाकों से भी आंधी-तूफान के चलते पेड़ गिरने, खेतों में नुकसान और बिजली खंभों के गिरने की खबरें सामने आ रही हैं। कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे किसानों और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



हालांकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में फिर से तेज़ हवाओं और वर्षा की संभावना जताई है। ऐसे में जनसुरक्षा के लिए प्रशासन और बिजली विभाग को सजग रहकर त्वरित कार्रवाई करनी होगी। नागरिकों ने मांग की है कि संभावित हादसों से बचाव के लिए तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद की जाए और गिरे पेड़ों व तारों को हटाया जाए।

# कस्तूरबा विद्यालय के बच्चों ने देखा विश्व प्रसिद्ध बैम्बू टावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण पर जिले के ग्राम किरितपुर स्थित विश्व की सबसे ऊंचे बैम्बू टावर के अलावा आध्यात्मिक पुरातन, प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण शिवनाथ नदी के तट पर विराजित भगवान सोमनाथ मंदिर ले जाया गया। सबसे पहले किरितपुर में बच्चों ने बांस से बनने वाली बैम्बू टावर का अवलोकन किया यह कैसे बनाया जाता है, इसके क्या कार्य हैं।

इन सब की जानकारी सृष्टि उद्योग द्वारा दी गई साथ ही बताया कि इस उद्योग के लिए बांस असम तथा पश्चिम बंगाल से मनाया जाता है। उसी को कोटिंग कर बांस को टावर के लिए तैयार किया जाता है। इन सब की जानकारी उनके द्वारा दी गई। साथ ही बच्चों को रोजगार मूलक कार्य के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को नौकरी के पीछे भागने की बजाय खुद को दूसरों को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए कि समझाइए भी दी गई। बच्चे उत्साह के साथ सभी बारीकियां को देखने लगे तथा समझने की कोशिश कर रहे थे। उसके बाद सभी ने अपनी संस्कृति से जुड़ी पुरातन प्राचीन मंदिर सोमनाथ गए वहां भगवान शिव जी के दर्शन कर सभी बच्चों ने आत्म शांति का अनुभव किया। साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर शिवनाथ और खारुन नदी के संगम का दर्शन भी बच्चों ने किया। सभी ने गर्मी से राहत के लिए तरबूज खीरा ककड़ी खाकर अपने आप को तृप्त किया शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों ने उत्साह के साथ वापसी की। इसमें कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे शिक्षिकाएं ममता गुरुपंच, राजकिरण मिश्रा, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया, शिखा चौबे, सावित्री यादव, दीप्ति नौरंगे अनीता साहू ,नीलम रसोईया अंजनी यादव, सूरजा यादव, दुर्गा शामिल रहे।




# यातायात नियमों का उल्लंघनः बिना हेलमेट वाहन चालक सहित 63 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस प्रशासन जिले पर सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी रामकृष्ण साहू के निर्देश पर यातायात सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति आमजनों के बीच जागरूकता अभियान जहां चला रही है वही यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी कार्यवाही लगातार कर रही है । श

क्रवार पुलिस प्रशासन ने 31 प्रकॅरण में जुर्माना लगाया ओर 11 हजार 900 रूपये समन शुल्क वसूला वही 32 प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किए । इनमें 9 लोगों पर बिना हेलमेट वाहन चलाने ओर 54 पर यातायात नियमों का उल्लंघन किए जाने पर कारवाई की गई । इसी तरह आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाला 05 व्यक्तियों को आरोपी बनाते हुए इनके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जिले में पुलिस प्रशासन ने आम जगह में धुम्रपान करने पर कोटपा एक्ट के तहत भी 14 लोगों पर कारवाई की गई। कोटपा एक्ट लागू होने के उपरांत पहली कारवाई की गई है।

बता दें कि स्कूल,कॉलेज व अन्य स्थल जहां छात्र-छात्राएं अध्यनरत करते हैं या वे सार्वजनिक जगह जहां आम जन की मौजूदगी रहती हैं ऐसे स्थानों पर धूम्रपान व नशे की सामग्रियां बेचना और उपयोग करना प्रतिबंधित है ऐसे कार्य करने वालों पर कारवाई के लिए कोटपा एक्ट लागू किया गया है। बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

# शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ एक्शन..बसंतपुर में दो, डोंगरगढ़ में 1 कोचिया पकड़ाया, 84 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी मामले में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत बसंतपुर पुलिस ने दो शराब कोचियों को पकड़कर 45 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि राखी बाडी के बाजू में खाली जगह पर देव कुमार साहू पिता सुकालु साहू निवासी लखोली राजीव नगर एवं मोहारा ओवरब्रिज के नीचे हेमंत कुमार उईके पिता स्व. नेमीचंद उईके निवासी बैगापारा लखोली का अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब ब्रिकी कर रहा है। सूचना पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी थाना बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर वैधानिक कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी देवकुमार साहू एवं हेमंत कुमार उईके को अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब रखते पाए जाने रंगे हाथों पकड़ा गया तथा आरोपियों के कब्जे से कुल 45 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 3600 व बिक्री रकम 400 रुपए जब्त कर आरोपियों के विरूद्व पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों के विरूद्व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**डोंगरगढ़ :** घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। आरोपी से पुलिस ने 39 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। 18 अप्रैल को डोंगरगढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ईश्वर यादव नामक व्यक्ति छोटी बम्लेश्वरी मंदिर पास स्थित अपने घर के सामने अत्याधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की। आरोपी के घर पीछे से एक सफेद रंग की बोरी में रखे 39 पौवा रोमियो देशी मदिरा प्लेन कीमती 3120 रुपए को जब्त कर आरोपी ईश्वर यादव 30 वर्ष के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### मुख्यमंत्री निवास घेराव का ऐतिहासिक होगा प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में बदहाल कानून व्यवस्था के चलते महिलाओं और बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव का आयोजन किया गया है। आयोजन के संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने अपने प्रभार क्षेत्र में आयोजन को सफल बनाने की तैयारी के संबंध प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से मिलकर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु को तैयारी की जानकारी दी।

# शादी समारोह में ससुराल पहुंचे युवक की हत्या




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

मानपुर के उरझे गांव से मोहला विकासखंड के ग्राम बोगाटोला शादी समारोह में ससुराल पहुंचे युवक की बोगाटोला-बिरझूटोला के बीच खार में हत्या कर शव झाड़ियां में छुपा दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही मोहला पुलिस शव का पहचान करते इस हत्याकांड में शामिल कातिलों तक पहुंच गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रंजित उर्फ संजू मांझी है, जो मानपुर विकासखंड के उरझे गांव का निवासी बताया जा रहा है। बीते 12 अप्रैल को मृतक मोहला क्षेत्र के ग्राम बोगाटोला में पारिवारिक शादी में शरीक होने आया हुआ था और रविवार से गायब था। खेत में काम करने के दौरान 16 अप्रैल की शाम ग्रामीणों ने मृतक का शव देखा और शव मिलने की सूचना मोहला पुलिस को दी। जिसके बाद मोहला पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन रात होने के कारण कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाया। फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची और मौके से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने गुरुवार की शाम 5 बजे शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले किया गया। थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में अलग-अलग टीम इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

ससुराल में हुए इस जघन्य हत्या के मामले में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो आरोपियों की पहचान कर ली गई है। दो से अधिक आरोपियों की आशंका पर पड़ताल के साथ हत्या को अंजाम देने की कहानी मोहला पुलिस के समक्ष आ चुकी है।

# सट्टेबाजी का नेटवर्क फैला, आईपीएल मैचों पर कस्बों में भी जमकर लग रहे दांव

**परपोड़ी भी सट्टेबाज़ी की चपेट में, दुर्ग जिले की सीमा पर बढ़ रहा अवैध कारोबार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

बीते कुछ सालों में आईपीएल मैच में सट्टा का कारोबार छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ता जा रहा है। पुलिस ने स्पेशल टीम एवं साईबर सेल के माध्यम से इसे रोकने के लिए बहुत से इंतजाम किए। पुलिस द्वारा कार्यवाही एवं गिरफ्तारी भी किया लेकिन यह अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। इसमें भी दुर्ग जिला पूरे देश में आईपीएल सट्टे के अवैध कारोबार में बदनाम हो चुका है। अब यह कस्बों में पैर पसार रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले की सीमा में स्थित परपोड़ी में भी यह तेजी से फैल रहा है।

जब से वर्तमान सीजन का आईपीएल मैच शुरू यह अवैध कारोबार लगातार फल फूल रहा है। परपोड़ी तीन जिलों की सीमा रेखा में स्थित है । शहरों में दबाव बढ़ने से अब कस्बों में सट्टा कारोबार के एजेंस पांव पसार रहे है। आईपीएल मैचों में सट्टा का प्रतिदिन लाखों रुपए का संचालित हो रहा है। युवा इसकी गिरफ्त में जल्दी आ रहे है। परपोड़ी में इसके लिए बहुत सी अनुकूलता क्योंकि अपराधी तुरंत दूसरे जिले में चले जाते है।

### अवैध कारोबार का तरीका

मुख्य एजेंट जिन्हें बुकी कहा जाता है वे ऐप्स का संचालन करते है। इसके लैपटॉप, मोबाइल एवं विभिन्न स्थानों में एजेंट होते है जिन्हें पंटर कहा जाता है। ग्राहकों को वाट्सएप के जरिए सीधे ऐप्स से जोड़ा जाता है। इसके लिए क्रिकेट 99, बेट भाई 99 आदि नामों से ऐप्स है जिन्हें एजेंट ग्राहकों को लिंक करते है और यह अवैध कारोबार चालू हो जाता है। सटोरियों को आनलाइन पेमेंट भेजने एवं प्राप्त करने की सुविधा भी रहती है।

### हर बाल हर रन पर रेट तय

मिली जानकारी के अनुसार परपोड़ी में एजेंट हर बाल एवं हर रन पर पहले रेट तय कर देते है। फिर ग्राहक अपना दांव लगाते है। इसकी जानकारी को तुरंत आनलाइन बुकी और ग्राहकों को आदान प्रदान किया जाता है। और ग्राहक अपना दांव पूरे मैच के दौरान लगाते रहते है। युवाओं को इसकी एक बार लत लगते ही हर मैच में दांव लगाने का काम करते है। एजेंट लैपटॉप के जरिए खाईवाल को पूरी जानकारी देते रहते है।

### पुलिस की कार्यवाही प्रभावी नहीं

पुलिस के द्वारा क्राइम एंड साइबर यूनिट के द्वारा जानकारी के आधार पर बुकी एवं एजेंट पर कार्यवाही किया जा रहा है लेकिन जिस अनुपात में यह अवैध कारोबार बढ़ रहा है। उसके मुकाबले पुलिसिया कार्यवाही बहुत कम मात्रा में हो रही है। जबकि दुर्ग जिले के आसपास यह अवैध कारोबार काफी अधिक बढ़ गया है जिसमें परपोड़ी भी शामिल है।

### कार्रवाई किया जाएगा

अभी तक आईपीएल मैच में सट्टा कारोबार को लेकर थाना स्तर पर कार्यवाही नहीं किया गया। किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर कार्रवाई किया जाएगा।

- **डीएल सोना,** थाना प्रभारी परपोड़ी, जिला बेमेतरा

### चाकू लेकर लोगों को किया भयभीत, 3 आरोपी पकड़ाए

**राजनांदगांव।** चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि एक बमंड कॉलोनी के पास मोहारा रोड, दिग्विजय कॉलेज के पास सागरपारा एवं बांस डिपो के पास आम स्थान पर हाथ में धारदार चाकू रखकर व लहराकर आने-जाने वाले आमजन को आरोपी डरा-धमका कर भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस की पृथक-पृथक टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया है। गठित टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से आरोपी वंश यादव, प्रदीप पटेल एवं रितेश यादव उर्फ लारो को धारदार चाकू लहराते हेतु रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## सार समाचार

### पीएम आवास का लाभ दिलाने जिपं अध्यक्ष ने किया दौरा

**मोहला।** जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी मोर दुआर साय सरकार महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रदेश के स्थायी प्रतिक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए



पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने 15 से 30 अप्रैल तक अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम स्तर में स्वयं उपस्थित होकर आवास प्लस 2.0 सर्वे किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी विकासखंड-मोहला के ग्राम डुमरटोला में पात्र हितग्राहियों का सर्वे जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह द्वारा किया गया। उपरोक्त सर्वेक्षण में भारती चंद्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी भी उपस्थित रही। जिला पंचायत सदस्य सविता शोरी द्वारा ग्राम भुरभुसी, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक द्वारा ग्राम सांगली चौकी, जिला पंचायत सदस्य शांति त्रिपुरे द्वारा ग्राम चिल्हाटी चौकी एवं जिला पंचायत सदस्य शेश्वरी धुर्वे द्वारा ग्राम ढादुटोला में समेत जिला पंचायत सदस्यद्वय नरसिंह भंडारी, लखनलाल कलामे व लक्ष्मी ललित कोसरे आवास प्लस सर्वेक्षण में भाग लेकर जागरूकता बढ़ाया।

### आज से उदयाचल में दो दिवसीय शिविर

**राजनांदगांव।** सेवाभावी संस्था उदयाचल में विगत एक वर्ष से देश के



सुप्रसिद्ध डायबिटोलाजिस्ट बैंगलोर निवासी डॉ. समीथ ए. सेट्टी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्व. सुरेश अग्रवाल (हीरा ग्रुप) की स्मृति में मधुमेह शिविर कल 20 एवं 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर प्रभारी प्रकाशचंद जैन ने बताया कि जिन्हें भी इस शिविर का लाभ लेना है, वे संपूर्ण जांच रिपोर्ट सहित अपना पंजीयनः उदयाचल नेत्र चिकित्सालय में करा सकते हैं। शिविर में संजय चोपड़ा का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। उपरोक्त जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी गौतम बाफना ने दी।

### पीएम फसल बीमा योजना में जिले को प्रथम पुरस्कार

**मोहला।** छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम देशभर में एक और अवार्ड से



सम्मानित होने पर गौरवान्वित हुआ है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को प्रधानमंत्री कृषि फसल बीमा योजना के अंतर्गत आल ओवर परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का 12वां नेशनल रिव्यु कॉन्फ्रेंस एवं 8वां नेशनल लेवल मॉनिटरिंग कमिटी 18 और 19 अप्रैल को कोवालम केरल में आयोजन किया गया। जिसमें मोहला-मानपुर जिले को ओवर ऑल परफॉरमेंस ऑन इम्प्लीमेंटेशन ऑफ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है।

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने यह अवार्ड प्राप्त किया है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नवीन जिला है। यह जिला पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित जिला है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए खरीफ फसल हेतु धान सिंचित एवं धान असिंचित फसल अधिसूचित किया गया था। इसी प्रकार रबी फसल के अंतर्गत चना, गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, राई, सरसों एवं अलसी फसल अधिसूचित किया गया था। कलेक्टर के नेतृत्व एवं निर्देशन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बेहत्तर क्रियान्वयन होने से जिले में बड़ी संख्या में कृषकों ने योजना अंतर्गत पंजीयन कराया था। किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने बेहतर प्रचार-प्रसार के साथ ही किसानों को योजना का भली भांति लाभ से अवगत कराने के चलते यह पुरस्कार जिले के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हुआ है।

### नव निर्वाचित पेंशनर प्रांताध्यक्ष का सम्मान समारोह आज

**राजनांदगांव।** पेंशनर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रांत अध्यक्ष यशवंत देवांगन के प्रथम नगर आगमन पर पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय स्टेट हाईस्कूल हॉल में किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में जिलेभर के पेंशनर शामिल होंगे। इस स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने राजनांदगांव पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष पतराम साव, निसार अहमद, एसआर केहरी, अनिल शर्मा, रमेश भोजवानी, राकेश श्रीवास्तव, जगदीश साहू, किशुन दास साव, प्रेमलाल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी से उपस्थित की अपील की है।


### जिपं सदस्य भुआर्य ने किया आवास सर्वेक्षण

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के पहचान एवं सर्वेक्षण के लिए चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार महाभियान के तहत जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य द्वारा ग्राम पंचायत परेवाडीह में आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राही देसोदियाबाई एवं अनुसईयाबाई के आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान संबलपुर सोसायटी अध्यक्ष कपिल बघेल, सरपंच गैंदलाल सिन्हा, रोजगार सहायक भूखण भुआर्य, आवास मित्र कुबेर सिंह साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### मकान बनाने की बात पर मारपीट, युवक की हत्या

**छुईखदान।** मकान बनाने की बात को लेकर आरोपियों ने युवक से मारपीट कर सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 अप्रैल को प्रार्थी बिसरू साहू पिता रामलाल साहू 59 साल साकिन कोड़का द्वारा मकान निर्माण के दौरान रतन ठेठवार पिता स्व. लक्ष्मण ठेठवार 50 साल, राजेन्द्र ठेठवार पिता रतन ठेठवार 34 साल साकिनान कोडका के मकान के बल्ली को काटने से आरोपियों द्वारा आवेश में आकर अरूण साहू एवं जीवन को गंदी-गंदी गाली-गालौज कर जान से मारने की धमकी देते मारपीट कर चोंट पहुंचाया।

## निधन



### अनिल मिंटू ग्रोवर

**राजनांदगांव।** स्वर्गीय अमरनाथ ग्रोवर के मंझले बेटे व स्व. डॉ. मेजर हरीश ग्रोवर एवं राम ग्रोवर के छोटे भाई व जग्गी ग्रोवर और शीलू ग्रोवर के बड़े भाई अनिल मिंटू ग्रोवर का आज आकस्मिक निधन रायपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में हो गया। वह अपने पीछे पुत्र वेदांत ग्रोवर और पुत्री रेशु सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा कल रविवार को निजी स्थान बलदेवबाग से मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।



### आशीष झा

**राजनांदगांव।** शिवनाथ कॉलोनी राजनांदगांव निवासी आशीष झा 52 वर्ष का 18 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे दो बेटे, पत्नी और बुजुर्ग पिता को छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार मठपारा मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिवारिकजन, मोहल्लेवासी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## यात्रियों पर दोहरी मार, दिक्कतों के बीच रेल यात्रा करना मजबूरी

# दर्जनों ट्रेन डायवर्ट, घंटों विलंब से चल रही गाड़ियां, यात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेल लाइन विस्तार के चलते छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लगभग 50 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। ये ट्रेनें 23 अप्रैल से 6 मई तक अलग-अलग दिनों में नहीं चलेंगी, लेकिन इससे पहले ही ट्रेनों की लेट-लतीफी के चलते यात्रीगण परेशान हो रहे हैं।

राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच तीसरी रेल लाइन को गोंदिया रेलवे स्टेशन से जोड़ने का काम चल रहा है। इस वजह से ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। वहीं बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेल लाइन और विद्युत कार्य के चलते कई ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाया जा रहा है। जिसकी वजह से ट्रेनें काफी लेट चल रही है। इधर ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। डाइवर्ट रूट से आने वाली ट्रेनें कई घंटे देरी से चल रही है। जिसकी वजह से भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को हलकान होना पड़ रहा है। यात्रीगण सुबह से रेलवे प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं और ट्रेन देर शाम स्टेशन पहुंच रही है



#### लोकल ट्रेन में बढ़ी भीड़

एक्सप्रेस ट्रेनों के देरी से चलने की वजह से बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली लगभग सभी लोकल ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चल रही है। जिसके चलते यात्री इस रूट पर लोकल ट्रेन से सफर कर रहे हैं। जिससे लोकल ट्रेन में भीड़ देखी जा रही है।

#### मेल पहुंची 8 घंटे लेट

हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी मेल डाईवट रूट से झारसुगुड़ा, संबलपुर और महासमुंद होते हुए रायपुर पहुंची और राजनांदगांव स्टेशन पर अपने निर्धारित समय सुबह 10.1 मिनट के बजाय शाम लगभग 6.15 बजे पहुंची। प्रतिदिन लगभग दर्जनभर ट्रेनें देरी से चल रही है। वहीं कई ट्रेन रद्द भी हो रही है। शनिवार को गीतांजलि, समता, हमसफर, ज्ञानेश्वरी, लोकमान्य तिलक कैंसल है। वहीं हावड़ा मुंबई मेल 8 घंटे, इंटरसिटी 1 घंटा, बरौनी एक्सप्रेस 3 घंटे 45 मिनट, साइन नगर शिरडी सुपरफास्ट 5 घंटे 39 मिनट सहित अन्य टेनें काफी देरी से चल रही है।

#### नहीं मिल पा रही जानकारी

डाइवर्ट रूट की ट्रेनों के संबंध में यात्रियों को सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। 139 और लाइव ट्रेन स्टेटस के माध्यम से भी यात्रियों को ट्रेन के आने का वास्तविक समय, देरी को लेकर जानकारी नहीं मिल पा रही है।

#### शादी सीजन में बढ़ रही परेशानी

कुछ दिनों में स्कूलों की छुट्टी और शादियों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने और ट्रेनों की लेटलतीफ के चलते यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। रेल लाइन विस्तार के चलते हावड़ा मुंबई रूट पर लगभग 50 से अधिक ट्रेन प्रभावित होगी।

## नव विवाहिता को आत्महत्या के लिए किया प्रेरित, गिरफ्तार

- आए दिन करते थे मारपीट व प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नव विवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना के धारा-108, 3 (5) बीएनएस के मुख्य आरोपी सोनल द्विवेदी पिता दुर्गेश द्विवेदी 32 वर्ष निवासी बाम्हनपारा घुमका घटना दिनांक से फरार था।

जिसे 19 अप्रैल को पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर पुलिस को ज्ञात हुआ कि आरोपी व उनके परिजन द्वारा नव विवाहिता को फोन में बात करने की बात को लेकर आए दिन प्रताड़ित कर मारपीट कर घर से निकल जाने धमकी देने व दो कौड़ी के गरीब परिवार का बद्चलन कहकर मारपीट करने के कारण नव विवाहिता द्वारा आत्महत्या करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## भाजपा सरकार बनी है तब से प्रदेश में अराजकता का माहौलः आशीष



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओ और अबोध बच्चियों पर हो रहे अत्याचार के मुद्दे पर 21 अप्रैल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री घेराव को लेकर आयोजित प्रदर्शन पर शामिल होने शनिवार जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी राम गिडलानी तथा अशोक राज आहूजा की उपस्थित में जिले के कांग्रेस जनों की बैठक हुई। बैठक में बेमेतरा जिले से अधिक से अधिक संख्या मे प्रदर्शन पर मौजूदगी सुनिश्चित करने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई ।इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश में अराजकता का माहौल है । प्रदेश मे बलात्कार,लूट ,चोरी की घटनाओ मे भारी वृद्धि हुई है ,प्रदेश मे छोटी बच्चियों के साथ लगातार अनाचार की घटनाएं हो रही है ।

प्रदेश मे कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है ,भाजपा सरकार केवल शराब बेचने मे ही मस्त है ,जगह जगह सूखे नशे का व्यापार हो रहा है जिसके कारण नशाखोरी बढ़ी है और समाज मे अनाचार के मामले बढ़े है। उन्होने मुख्यमंत्री निवास घेराव मे अधिक से अधिक संख्या मे कांग्रेसजनों को उपस्थिति रहने का आव्हान किया । बैठक को प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी राम गिडलानी तथा अशोक राज आहूजा ने कहा कि बेमेतरा जिले से अधिक संख्या मे कांग्रेस जनों इस प्रदर्शन में जहां शामिल होने का आह्वान किया वही प्रदेश सरकार की नाकामियों से अवगत कराया बैठक मे पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश राघव ,सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, टी आर जनार्दन ,ललित विश्वकर्मा ,सुरेंद्र तिवारी ,विजय बघेल ,रामेश्वर साहू ,रामबिहारी राजपूत, सनत धर दीवान ,हरीश साहू ,रवि परगनिहा ,अर्पित परगनिहा, मिथलेश वर्मा ,कविता साहू, शकुंतला साहू ,रीता पांडे, रश्मि मिश्रा ,योगिता साहू ,शशि प्रभा गायकवाड ,रूबी सलूजा ,रनिया देवी ,मनोज शर्मा, रवि रजक, जावेद खान ,नवीन ताम्रकार, सुनील नामदेव , सुशीला जोशी ,राम सिंह गायकवाड ,राजू साहू, मोहित वर्मा ,भाव सिंह राज ,कुलदीप आदिल , तोरण साहू ,कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के लिए जमीन से जुड़कर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं मिलेंगी तरहीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

कांग्रेस में बदलाव के चलते शनिवार जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग कर दी गई। बताया जा रहा की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़ के निर्देशानुसार पर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी भंग करने की कारवाई की गई है।लेकिन इस दौरान महामंत्री का कार्यालय कार्यरत रहेगा । गौरतलब हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के पद पर कुछ दिनों पूर्व ही नियुक्ति की गई है जबकि जिला कांग्रेस कार्यकारिणी पूर्व अध्यक्ष के दौरान बनाई गई थी।

नई दिल्ली में जिला अध्यक्षों के सम्मेलन में हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के फैसलों की वजह से कार्यकारिणी को भंग किया जाना जहां बताया जा रहा है वही जल्द ही नयी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी जिले में नजर आएगी वर्तमान कार्यकारिणी में जिला महामंत्री के कार्यालय को यथावत रखा गया है उसे भंग नहीं किया गया है जबकि अन्य पदों पर की गई नियुक्तियों को भंग कर दिया गया है । जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले में कांग्रेस के लिए जमीन से जुड़कर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को जिला कांग्रेस कमेटी में शामिल किया जाएगा तथा इस बार जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी पूर्व के जिला कांग्रेस कमेटी से भिन्न होगी कांग्रेस कार्यकारिणी में उन्हीं लोगों को शामिल किया जाएगा जो कांग्रेस की रीति नीति में विश्वास करते हैं तथा जनता से जुड़कर रहते हैं साथ ही साथ भाजपा के अत्याचारों से जो ना डरे और जनहित के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दे ऐसे कार्यकर्ताओं को जिला कांग्रेस कमेटी में स्थान दिया जाएगा।



- पुरानी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी भंग, जल्द होगी नई कार्यकारिणी

#### जिले में कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने से पीछे नहीं रहेगी : छाबड़ा

जिला कांग्रेस आशीष छाबड़ा ने बताया कि नई दिल्ली में हुए सम्मेलन में जिला कांग्रेस कमेटी को और भी अधिक अधिकार देकर जिला कार्यकारिणी को संबल बनाया गया है जिसका प्रभाव आगामी दिनों में बेमेतरा जिले में देखने को मिलेगा बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी जनहित के सभी मुद्दों पर सरकार को घेरने से पीछे नहीं रहेगी साथ ही साथ उन्होंने प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि सत्ता आती और जाती है प्रशासनिक अधिकारियों को निष्पक्ष होकर कार्य करना चाहिए ना कि किसी राजनीतिक दाल का ठप्पा लगाकर कार्य करना चाहिए आने वाला समय कांग्रेस का होगा अधिकारियों को इस बात को अच्छे से समझ लेना चाहिए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार प्रदेश में अपना जन आधार खो चुकी है जनता ने जिस भावना के साथ उन्हें चुना था आज जनता अपने आप को छला हुआ महसूस कर रही है।

## बेमौसम तूफान ने मचाई तहलका कई घरों के उड़े छप्पर तो टूटे पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला

अचानक बेमौसम आंधी तूफान ने तहलका मचा दिया । तूफान का जोर तीव्र होने के चलते घरों की छप्पर तक उड़ गए। गांव व शहर इलाको की तरफ रुख मोड़कर देखा जाए तो सबकी हालात गंभीर हो गए है। यह प्राकृतिक आपदा आने से अंचल वासियों के लिए मुसीबत खड़ा हो गई।

आपको बता दें कि बेरला अंचल सहित जिला बेमेतरा के कई ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अचानक शनिवार की शाम को बेमौसम आंधी तूफान का जोर इतना भयानक रहा जिनके कारण गांव की दशा ही बिगाड़ दिया। कई घरों के छप्पर उड़े, पैरा, टीन तो कही पेड़



धराशाई हो गए। खम्बों व तार टूटने की वजह से कई इलाको में बिजली बाधित हो गए है। तूफान शुरू होने के साथ ही बिजली भी बंद हो गए थे। इसके साथ ही अंचल में तापमान में गिरावट आयी है।

बेमौसम आंधी तूफान तो आये लेकिन अपने साथ-साथ अंचल में कई लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। गांव में जिनके घरो के टीन, पैरा, बिजली तार टूटने, पेड़ गिरने से छप्पर व पशु आवास को क्षति पहुंचना, ग्राम पंचायत की गौठानों की छाया दर बनाने वाले टीन उड़ गए। जिससे ग्रामीणों व सरकारी विभागों को भी कॉफी नुकसान का सामना करना पड़ा।

## बारात शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

- विवाह का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** शहर के स्टेशनपारा स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर की रजत जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज शहर में मंदिर समिति द्वारा बारात शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भगवान श्री वेंक्टेश स्वामी के दर्शन हेतु स्टेशनपारा के मुदलियार बाड़ा में श्री तिरूपति बालाजी मंदिर की 25वीं स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा शनिवार को 108 कलशों के साथ भगवान का महाअभिषेक किया गया। शाम शहर में बारात शोभायात्रा निकाली गई।

#### जगह-जगह स्वागत

शोभायात्रा शहर के गायत्री मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक होते हुए महावीर चौक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वहीं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में शोभायात्रा के समापन पश्चात श्री बालाजी मंदिर परिसर में महाआरती एवं 56 भोग का आयोजन किया गया।

#### जुटेंगे श्रद्धालु

मंदिर समिति के अध्यक्ष समीर पोद्दार ने बताया कि श्री तिरूपति बालाजी दरबार सेवा समिति द्वारा 20 अप्रैल को सुबह 9.30 से 12 बजे तक भगवान बालाजी का विवाह समारोह संपन्न होगा। वहीं दोपहर 12.30 बजे से प्रसादी वितरण होगा। जिसमें लगभग 5 हजार श्रदालुओं के लिए भंडारा स्वरूप प्रसादी की व्यवस्था की गई है।







